


## खबर संक्षेप

### शिव पूजाकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की



**दुर्गूकोंदल।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आज पूरे देश में भगवान शिव की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गई। ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर, जो भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है। इतिहास की स्मृति में देशभर के शिवालयों में शिवलिंग पर जल अर्पण कर पूजा-अर्चना की गई। भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर सांसद सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बेकाबू बाइक की ठोकर राहगीर की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत माटोली से पीव्ही 30 जाने वाले मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना की विवेचना में पाया गया कि 6 जनवरी को मृतक पीव्ही 30 योगेंद्र नगर निवासी 58 वर्षीय शरत सिकदार पिता स्व. कामना सागर सिकदार गांव में किर्तन सुनने गया था। किर्तन सुनकर अकेला पैदल घर आ रहा था। रात करीबन पौने 8 बजें गांव के परिमल हालदार के घर पास पहुंचा था। उसी समय माटोली तरफ से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 6166 के चालक माटोली निवासी प्रदीप कुमार जुर्री पिता शखा राम जुर्री मोटर सायकल वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्व चलाकर एक्सीडेंट करने से शरत रोड में गिर गया। गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक प्रदीप कुमार जुर्री के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।



### दस बाइक से होगी शहर की निगरानी



**कांकेर।** जिले में बेहतर पुलिसिंग के लिए अब मोटर सायकल को रवाना किया गया है। एसपी कार्यालय से अतरिक्ति पुलिस अधिक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने 10 पेट्रोलिंग बाइक को रवाना किया गया है। ये मोटर सायकल उन गली मोहल्लों में भी जा सकेंगी जहां बड़ी गाड़िया नही पहुंच पाती थी। पेट्रोलिंग पुलिस सुबह शाम रात शहर के साथ गांव में भी पेट्रोलिंग करेगी। मोटर सायकल में हुटर, पुलिस लाईट, लाउड स्पीकर कि सुविधा दी गई है। इस पहल से चोरी व अन्य अपराधो में अंकुश लगाया जा सकेगा।

### सांसद व विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पुड़ोमिचगांव में आयोजित स्व. दयाराम आंचला की पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक व सासंद ने स्व. दयाराम आंचला के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान विधायक ▶▶| शेष पेज 12 पर

लापरवाही : परिवहन विभाग की चुप्पी, हजारों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बिगड़ी बस दो रात व डेढ़ दिन तक खड़ी रही, जनता रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रायपुर से जगदलपुर मार्ग पर महेंद्रा बस कंपनी की लगभग 25 से ज्यादा बसें दौड़ती है, परंतु इनकी व्यवस्था में गंभीरता नहीं दिखाई जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गोविंदपुर के पास सवारी बस सड़क के बींचोबीच खराब होकर दो रात और डेढ़ दिन बस पूरी सड़क को घेरकर खड़ी रही, उसे हटाने के लिए कंपनी ने गंभीरता नहीं दिखाई, कंपनी की इस रवैया पर परिवहन विभाग ने कार्यवाही करने के बजाय मौन साधे रहा। यातायात विभाग ने कार्यवाही करते हुए 8 हजार रूपएं का समन शुल्क वसूला। जानकारी के अनुसार महेंद्रा सवारी बस क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 9855 का गोविंदपुर के पास पीछे पहिया के पास 8 दिसंबर की रात को 9 बजे खराबी आ गई और बस घूमकर पूरी सड़क को घेर लिया। दोनो तरफ से आने व जाने वालों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य मार्ग में यह





■ यातायात विभाग ने दिए गए समय पर बस नहीं हटाने पर 8 हजार का वसूला समन शुल्क

बस 8 दिसंबर की रात को 9 बजे खराब हुई, रातभर उसी हालत में खड़ी रही। इसके बाद 9 दिसंबर को दिनभर और रातभर खराब बस उसी हालत में खड़ी रही। 10 दिसंबर को रायपुर से सुबह 10 बजे पहुँचे मैकेनिकों ने सुधार कार्य शुरू किया और जैसे तैसे सायं 5 बजे बीच सड़क से हटाकर किनारे किया गया और बाधित आवागमन को ठीक किया गया। इसके उपरांत सायं 6 बजे बस चालक बस लेकर चला गया। बस मालिक की इस प्रकार के व्यवहार के ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कंपनी बीच सड़क में खड़ी बस को हटवा सकती थी

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में गोविंदपुर के पास बीच सड़क पर बिगड़ी बस को सबसे पहले वाहन मालिक को किसी ने किसी तरह से हटवाना था और उसे एक किनारे करवाकर मैकेनिक के द्वारा ठीक करवाना था, परंतु कंपनी को किसी का डर नहीं होने के कारण बस को दो रात और डेढ़ दिन बीचों बीच खराब सड़क को खड़ा करके मार्ग को बाधित किया। कंपनी चाहती तो रात को ही बस को हटवा सकती थी, परंतु गंभीरता नहीं दिखाई। इस तरह से मार्ग बाधित करने पर कंपनी के खिलाफ कानूनन कार्यवाही होना चाहिए था, परंतु ऐसा नहीं हो पाया।

### परिवहन विभाग ने नहीं ली सुध

सवारी बस के गलत ढंग से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दो रात और डेढ़ दिन खराब बस खड़े होने की जानकारी परिवहन विभाग को कई लोगों ने दिया, परंतु परिवहन विभाग ने इस ओर कतई ध्यान नहीं दिया और आमजनता परेशान होती रही। परिवहन विभाग के अमले से हरिभूमि ने संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु जिम्मेदार किसी अधिकारी का काल रिसीव नहीं हुआ।

### बीच सड़क पर आग जलाकर गुजारी रात

कड़कती ठंड पड़ने के चलते बस के चालक व कंडेक्टर रात को गुजारने के लिए सड़क के बीचोबीच आग जलाकर रात को काटने के लिए मजबूर हुए। इस पर हरिभूमि ने चालक से जानकारी चाही, परंतु उन्होने मौन साध लिया। उनका कहना था कि जल्द ठीक कर ली जाएगी।

### यातायात विभाग ने वसूला समन शुल्क

यातायात विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो रात व डेढ़ दिन अपनी टीम को लगाकर रखा, जिससे कोई दूसरी दुर्घटना रात में न हो सके। इसके उपरांत समय पर सड़क से बस को नहीं हटाने पर 8 हजार रूपए का समन शुल्क वसूला गया।

## बेजा कब्जे के विरोध में मेलाभाट के ग्रामीणों ने सड़क पर किया प्रदर्शन



**चारामा।** चारामा विकासखंड के ग्राम जेपरा में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर सड़कों पर देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर ग्राम के हनुमान मंदिर के समीप सड़क पर घंटों तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मांग है कि शासकीय भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से इस मामले को लेकर प्रशासन से शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक उदासीनता के कारण अवैध कब्जा जस का तस बना हुआ है, जिससे गांव में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अनुभागीय अधिकारियों के माध्यम से कलेक्टर को पत्र सौंपा है। पत्र में बताया गया है कि ग्राम जेपरा स्थित मड़ई भाठा मंडई भाठा की शासकीय भूमि का सीमांकन और नापजोख लंबे समय से लंबित है। ग्रीष्म ऋतु में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की टीम द्वारा नापजोख की गई थी, लेकिन उसका अंतिम प्रतिवेदन आज तक ग्रामवासियों को उपलब्ध नहीं कराया गया। ग्रामीणों की मांग है कि जिम्मीदारी माता के पास स्थित समस्त शासकीय भूमि की दोबारा नापजोख कराई जाए, स्पष्ट सीमांकन किया जाए और भूमि को ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर नापजोख और भूमि विवाद का उचित समाधान नहीं किया गया, तो वे मड़ई भाठा में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का चारामा में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में हेमेंद्र बंटी ठाकुर को जिलाध्यक्ष एवं खेम तिवारी को जिला महामंत्री बनाया, वहीं दायित्व मिलने के उपरांत चारामा प्रथम आगमन पर दोनो पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हेमेंद्र बंटी ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कांकेर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं खेम तिवारी को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों नेताओं को यह दायित्व मिलने के बाद संगठन में मजबूती के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को और प्रभावी ढंग से उठाने की उम्मीद भी बढ़ गई है।

■ किसानों की आवाज को मिला नया नेतृत्व, चारामा में गूंजा उत्साह

दायित्वाा मिलने के उपरांत हेमेंद्र ठाकुर एवं जिला महामंत्री खेम तिवारी का चारामा में प्रथम आगमन ऐतिहासिक और यादगार रहा। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शिवकाली मंदिर में पूजा पाठ के साथ ओंकार मंत्र का किया जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कापसी



सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण की 1000 वीं शताब्दी के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भाजपा मंडल कापसी के कार्यकर्ता एवं गण्यमान्य नागरिक की उपस्थिति में शिवकाली मंदिर में पूजा पाठ के साथ ओंकार मंत्र का जाप किया गया। भारतीय आस्था और संस्कृति की अटूट शक्ति और सोमनाथ मंदिर की गौरवशाली विरासत को याद करते हुए 1000 साल पहले हुए क्रूर आक्रमण के बावजूद सोमनाथ मंदिर के अडिग रहने के स्वाभिमान का जश्न मनाना। भारत के असंख्य सपूतों को श्रद्धांजलि देना, जिन्होंने अपनी आस्था और मूल्यों से समझौता नहीं किया। सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देना जैसे, साल 1026 का वह आक्रमण एवं उसके पश्चात हुए अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। अपितु इन घटनाओं ने भारत की सांस्कृतिक एकता को और अधिक सशक्त किया तथा सोमनाथ मंदिर का बार-बार पुनरोद्धार होता रहा। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कापसी मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, जिला उपाध्यक्ष दीपांकर दत्ता, मंडल उपाध्यक्ष तुषार सरदार, मंडल उपाध्यक्ष नमिता बिस्वास, मंडल महामंत्री बिमल साहा, अमित दास,तरक कुंडू, बाबला मैत्र, जनपद कापसी मनमथ मंडल, सरपंच बसंत प्रेमा जुर्री, वार्डपंच बिसाइन भदौरिया सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## जिवलामारी शिविर में 85 ग्रामीणों की जांच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत जिवलामारी में 10 जनवरी को मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर की उपस्थित में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न बीमारियों की समय रहते जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराना रहा।

आयोजित शिविर के दौरान जिवलामारी ग्राम के सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य टीम द्वारा कुल 85 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन), मधुमेह (डायबिटीज), क्षय रोग (टीबी), कुष्ठ रोग, मोतियाबिंद, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही ग्राम के स्कूली बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग की गई, जिससे बच्चों में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सके।

स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं, योजनाओं एवं निःशुल्क उपचार सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टरों द्वारा जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें अपने गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं और गंभीर बीमारियों की पहचान समय पर हो जाती है।

शिविर को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. सुमित एक्का, बीईटीओ पुरन सिंह गावड़े के साथ ही स्वास्थ्यकर्मी लिकेश्वर यादव एवं विनोदिनी प्रधान की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में पूरे गाँव के लोगों एकत्र हुए और शिविर का लाभ उठाया।

शीतलापारा व महादेव वार्ड में सशक्त लोकतंत्र की दिशा में अहम पहल

# सटीक मतदाता सूची के लिए लोकतंत्र में शामिल युवकों को विधायक नेताम ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकतंत्र की जड़ें तभी मजबूत होती हैं, जब हर पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसी सोच को साकार करने के लिए 10 जनवरी को कांकेर महादेव वार्ड में मतदाता गहन परीक्षण अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर सर्वे का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए और लोकतंत्र में शामिल होने वाले युवाओ को जागरूक भी किया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अमले और जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे पूरे वार्ड में लोकतांत्रिक चेतना का सकारात्मक संदेश देखने को मिला। अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों की पहचान करना था, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। इसी के तहत डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। साथ ही सूची में दर्ज नामों, पते, आयु अथवा अन्य विवरणों में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसे मौके पर ही सुधारने की प्रक्रिया भी अपनाई गई। इस पहल से न केवल मतदाता सूची अधिक सटीक बनेगी, बल्कि आगामी चुनावों में मतदान प्रक्रिया भी अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद होगी। सर्वे के दौरान नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और समय-सीमा की जानकारी दी गई। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक आशाराम नेताम ने उन्हें यह बताया कि उनका एक-एक वोट देश के भविष्य को दिशा ▶▶| शेष पेज 12 पर





### नींव मजबूत करने का है माध्यम

अभियान में शामिल विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को मजबूत करने का माध्यम है। जब हर योग्य नागरिक का नाम सूची में होता है, तभी जनमत की वास्तविक तस्वीर सामने आती है। इससे चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बढ़ती है और जनता का विश्वास लोकतांत्रिक संस्थाओं में और गहरा होता है।

## देशी व अंग्रेजी शराब बरामद चार कोचियो पर की कार्रवाई

**कांकेर।** जिला के कांकेर, कोरर और बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 शराब कोचिए को पकड़ा और उनके कब्जे से देशी महुआ शराब के साथ साथ अंग्रेजी शराब को जप्त किया। अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पादन करने वाले असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखकर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर कांकेर, कोरर और बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया। थाना कांकेर पुलिस ने बायपास रोड मनकेशरी में आरोपी मनकेशरी निवासी पदमनी फाफा पति स्व. समरथ के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1 हजार 600 रूपएं को जप्त किया, कोरर पुलिस ने भैंसाकन्हार निवासी 34 वर्षीय मिलापराम जुर्री पिता बैशाखु राम के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब कीमत 720 रूपएं व नदग 240 रूपएं को जप्त किया, बांदे पुलिस ने ईरपानार निवासी 34 वर्षीय सचिन तरूवा पिता सपन के कब्जे से 14 नग बियर, 4 पौवा अंग्रेजी शराब कुल कीमत 3 हजार 780 रूपएं व नगद 500 रूपएं व ईरपानार निवासी 29 वर्षीय देबू नंदी पिता शंकर नंदी के कब्जे से 26 नग गोल्डन गोवा पौवा के साथ साढ़े 7 लीटर महुआ शराब कुल 3 हजार 980 रूपएं के शराब को जप्त किया। सभी शराब कोचियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



**खबर संक्षेप**

## थाना स्टॉफ ने केक काटकर धूमधाम से मनाया आरक्षक का जन्मदिन



**फरसगांव।** कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा ने पुलिस परिवार में आपसी सामंजस्य और उत्साह का माहौल बनाए रखने हेतु एक नई पहल की है। कोंडागांव जिले के सभी थानों कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के जन्मदिन को मनाया जा रहा है। फरसगांव थाना प्रभारी विकासचंद्र राय के नेतृत्व में गुरुवार की रात फरसगांव थाने में पदस्थ आरक्षक किरण नेताम के जन्मदिन को पूरे स्टॉफ के लोगों ने केक काटकर मनाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दिए।

## अटंग में सत्संग 12 से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी तक साईं मंदिर के समीप समरसता भवन में सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता समेंद्र साहेब नवापारा, अनिल साहेब संकरी, मुक्तिशरण साहेब, गुरुभूषण साहेब होंगे।

## सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव, टीकाराम साहू, रूपचंद साहू प्रेमनारायण साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।

## कोलियारी में मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी।

## सड़क हादसे में कॉलेज छात्र-छात्रा घायल

**धमतरी।** अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार छात्र-छात्रा को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुकोर निवासी योगेश पिता संतोष मरकाम उम्र 21 वर्ष व डिगेश्वरी साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम बकोरी निवासी कॉलेज छात्रा हैं। शुक्रवार को दोनों अपने-अपने गांव से कालेज गए थे। दोनों घूमने के उद्देश्य से अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार छात्र-छात्रा को अमलतासपुरम कॉलोनी के पास ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक ट्रेक्टर सहित मौके से फरार हो गया। ट्रेक्टर की ठोकर से योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं छात्रा को भी चोट लगी है। घटनास्थल के पास स्थित मोबाइल दुकान के संचालक की सूचना पर वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल छात्र-छात्रा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस से फरार ट्रेक्टर चालक की जल्द पहचान कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## चरमुड़िया आईटीआई की हालत खराब

**धमतरी।** कुरूद आईटीआई चरमुड़िया के छात्र सिर्फ उपस्थिति के लिए रह गए हैं। प्रशिक्षण अधिकारी और ट्रेड से संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं होने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। चरमुड़िया आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी ओम दिवाकर, सागर आदि ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि कुरूद आईटीआई चरमुड़िया में ट्रेड/डीएमसी ड्राफ्टमेन सिविल प्रशिक्षण अधिकारी जनवरी 2025 से नहीं है।

# बस्तर की बिटिया अपूर्वा का सीएम साय व सांसद अग्रवाल ने किया सम्मान

## छत्तीसगढ़ की पहली कॉफी टेबल बुक अध्याय में बस्तर की इकलौती प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की पहली कॉफी टेबल बुक अध्याय का भव्य विमोचन 9 जनवरी को द कॉस्मो एक्सपो, रायपुर में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 चयनित प्रेरणादायी महिला उद्यमियों पर आधारित इस पुस्तक का लोकार्पण किया।

इस कार्यक्रम में बस्तर की इकलौती बिटिया अपूर्वा त्रिपाठी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मंच पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हाथों सम्मानित किया गया। यह सम्मान बस्तर की नारी शक्ति, आत्मविश्वास और वैश्विक सोच का प्रतीक माना जा रहा है। कॉफी टेबल बुक अध्याय में अपूर्वा त्रिपाठी पर आधारित एक विशेष अध्याय शामिल किया गया है। यह पुस्तक पहली बार राज्य की महिला उद्यमिता, नेतृत्व और नवाचार को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रही है।



### गरिमामयी आयोजन, बड़ी सहभागिता

*इस पुस्तक का संकलन उचित शर्मा द्वारा किया गया तथा लेखन सुश्री खुशबू ने किया। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, उद्योग जगत, विधि विशेषज्ञ और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्याय पुस्तक बस्तर की प्रतिभा, महिला नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत की सोच को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है। अपूर्वा त्रिपाठी का सम्मान पूरे बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय बना है।*

### कानून विशेषज्ञ से अंतरराष्ट्रीय उद्यमी तक का सफर

*अपूर्वा त्रिपाठी विधि क्षेत्र की प्रख्यात विशेषज्ञ हैं। उन्होंने एलएलबी के साथ डबल एलएलएम, अंतरराष्ट्रीय कानून और बौद्धिक संपदा कानून में विशेष डिग्रियां प्राप्त की हैं तथा हाल ही में पीएचडी पूर्ण की है। वे एमडी बोटैनिकल्स के माध्यम से बस्तर के जैविक उत्पादों, मसालों एवं वनोपज को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।*

**अभ्यास :** ग्राम बम्हनी में बाढ़ से बचाव की मॉक ड्रिल, आपदा से पहले तैयारी

# एनडीआरएफ ने सिखाए जीवन रक्षा के उपाय ग्रामीणों और छात्रों को मिला रेस्क्यू का लाइव प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 03 वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली, कटक ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोण्डागांव के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बम्हनी में बाढ़ से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

एनडीआरएफ टीम ने बाढ़.की स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया। टीम ने बताया कि घबराने के बजाय सही जानकारी और संसाधनों के उपयोग से कई जानें बचाई जा सकती हैं। मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव में उपयोग होने वाली सामग्रियों की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे लाइफ जैकेट व पाइप बॉय तेज बहाव में तैरने और संतुलन के लिए रेस्क्यू रोप व बोट फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए प्लास्टिक की खाली बोतलें अस्थायी फ्लोटेशन डिवाइस के रूप में बांस व नारियल ग्रामीण क्षेत्रें में उपलब्ध प्रा—तिक सहायक साधन साथ ही यह भी बताया गया कि घर में उपलब्ध साधनों से अस्थायी जीवन रक्षक उपकरण कैसे बनाए जा सकते हैं।

रेस्क्यू के बाद प्राथमिक उपचार और सीपीआर प्रक्रिया का भी डेमो दिया गया। ग्राम बम्हनी के कक्षा 11वीं के छात्र टिकेन्द्र पानीग्राही ने स्वयं सीपीआर का अभ्यास कर अनुभव साझा किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा से पहले सतर्क करना, जीवन रक्षक तकनीकों से अवगत कराना और आपात स्थिति में सही निर्णय लेने के लिए तैयार करना रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे अभ्यास नियमित कराने की मांग की।

### जवाई मुंडा तालाब में हुआ रेस्क्यू अभ्यास

*मॉक ड्रिल के अंतर्गत जवाई मुंडा तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन कर घायल को सुरक्षित निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी तक पहुंचाया गया। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपदा मोचन बल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी की भी अहम भूमिका रही।*

### अधिकारियों की रही मौजूदगी

*यह अभ्यास एनडीआरएफ कमांडर डॉ. नवीन कुमार, टीम कमांडर इंस्पेक्टर हीरा सिंह, सब इंस्पेक्टर राजपाल गुर्जर एवं विवेक पाण्डे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान, इंसिडेंट कमांडर किशोर शर्मा, अधीक्षक भू–अभिलेख सुश्री सुषमा मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिव भक्ति में डूबा बहीगांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

■ धनोरा मंडल के बहीगांव में कार्यकर्ताओं ने किया विशेष पूजन-अर्चन

बहीगांव 10 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आज पूरे देश में भगवान शिव की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गई ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है की गौरवशाली इतिहास की स्मृति में देश भर के शिवालयों में शिवलिंग पर जल अर्पण पूजा अर्चना की गई।

यह पर्व उस स्वाभिमान और संस्कृति चेतना का प्रतीक है जब मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प और नेतृत्व में कराया गया था इसी तारतम्य में धनोरा मंडल की बहीगांव में कार्यकर्ताओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया।

### ये रहे उपस्थित

मंडल के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिंहा जिला के महामंत्री विजय पोया भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता एसएमडीसी अध्यक्ष बहीगांव सतीश पाठक मंडल मंत्री सकलू राम मांडवी बहीगांव के पूर्व सरपंच एवं लैंप्स अध्यक्ष बोधन नेताम एवं जनपद के सदस्य हितेश नेताम मंदिर पुजारी के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर व सीईओ के निर्देश पर प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिए सख्त आदेश हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी से 4 फरवरी तक होगी

जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने प्री-बोर्ड परीक्षा को लेकर कड़े एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद तथा डीएमसी नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में यह निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार प्रथम प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी शालाओं के प्राचार्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा पूर्ण अनुशासन, शांत वातावरण एवं नकल-रहित ढंग से संपन्न हो। परीक्षा कक्षों की निगरानी, परीक्षार्थियों की अनुशासनात्मक व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता को गंभीर लापरवाही माना जाएगा। प्रश्न पत्रों की प्राप्ति, सुरक्षित भंडारण एवं वितरण की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शाला के प्राचार्य की होगी। परीक्षा से संबंधित समस्त अभिलेख उपस्थिति पत्रक, उत्तर पुस्तिकाएं, मूल्यांकन विवरण एवं अन्य दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता, गोपनीयता भंग अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं के लिए जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट के अनुरूप कोर कमेटी द्वारा तैयार किए गए हैं। प्रश्न पत्र निर्माण एवं संचालन के दौरान पूर्ण गोपनीयता बनाए रखना सभी संबंधितों का दायित्व होगा। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने प्री-बोर्ड परीक्षा उपरांत समीक्षा बैठक के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व परीक्षाओं के परिणामों के विश्लेषण में यह सामने आया है कि कुछ शालाओं एवं विषयों में विद्यार्थियों का शैक्षणिक प्रदर्शन अत्यंत असंतोषजनक रहा है। इसे गंभीर शैक्षणिक लापरवाही की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे में कम प्रदर्शन करने वाली शालाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे विषयवार विस्तृत विश्लेषण कर स्पष्ट कार्ययोजना एक्शन प्लान तत्काल तैयार करें। आगामी बोर्ड परीक्षा परिणामों में अपेक्षित सुधार नहीं होता है, तो संबंधित प्राचार्य एवं विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की होगी। अंत में सभी प्राचार्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि दैनिक शिक्षण की सतत निगरानी हो तथा प्रत्येक सप्ताह विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट संकुल एवं खंड स्तर पर प्रस्तुत की जाए। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों का भविष्य सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चोरीया डोंगरीपारा की बैठक में बस्तर पंडुम खेल महोत्सव पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



■ संसाधन जुटाने के प्रयास किए जायेंगे, पारंपरिक खेलों को संरक्षित करने की पहल

जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरीया के आश्रित ग्राम डोंगरीपारा में बस्तर पंडुम 2026 खेल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी बस्तर पंडुम खेल महोत्सव की रूपरेखा तय करना, आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करना तथा स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली।

जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष सोमन कावड़े ने कहा कि पंचायत स्तर पर बस्तर पंडुम खेलों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को मजबूत करेगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा। जनपद पंचायत के सीईओ बीआर सुखदेव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा बस्तर पंडुम खेलों को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को जिला, संभाग और राज्य स्तर तक पहुंचाने का अवसर है। गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सगे सिंह वट्टी ने कहा कि बस्तर पंडुम केवल खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से पारंपरिक खेलों को संरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। उन्होंने ग्राम स्तर पर खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने तथा पूरे उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाने की अपील की। गोंडवाना समाज के उपाध्यक्ष शेखर उईके, सचिव सोमसिंह कुंजाम, सह सचिव एवं संरक्षक कपुरचंद कुंजाम, गोंडवाना समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र नेताम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि बस्तर पंडुम 2026 को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज, पंचायत और प्रशासन को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अनुशासन, पारदर्शिता और सामूहिक सहभागिता को आयोजन की सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष संदीप कुंजाम, सरपंच हेमंत कुमार भास्कर, शियाराम कोसमा, शंकर शोरी, उप सरपंच गंगाराम भास्कर, ग्राम पटेल सियाराम शोरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। सभी जनप्रतिनिधियों ने गांव-गांव में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, युवाओं को नशा व अन्य बुराइयों से दूर रखकर खेलों से जोड़ने पर जोर दिया। इसके अलावा बैठक में शंकर शोरी, सुकलाल शोरी, भुनेश्वर नेताम, गणेश कोड़ोपी, रामनाथ शोरी, मायाराम नरेटी, प्रितम उईके, जंगल शोरी, राजकुमार नाग, हरक नेताम सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा में करोड़ों के विकास कार्यो पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद कोण्डागांव की सामान्य सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने की, जबकि उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण और अधोसंरचना विस्तार से जुड़े करोड़ों रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 195 लाख रुपये 1.95 करोड़ की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण को मंजूरी दी गई। इससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इससे शहर की साफ–सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# दुर्गा मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई



**चारामा।** चारामा नगर के समता रंग मच में स्थित माँ दुर्गा मंदिर परिसर में श्री लक्ष्मीनारायण मुर्ति की स्थापना एंव प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 09 जनवरी को प्रारंभ हुआ। सुबह 11 बजे नगर सहित आसपास के ग्रामों से पहुँचे भक्त मंदिर परिसर में पहुँचे। मंदिर परिसर से सभी माँ शीतला माता मंदिर पहुँचे, जहाँ माँ शीतला की पुजा अर्चना कर उनसे मंदिर में मुर्ति स्थापना की अनुमति प्राप्त की। अनुमति प्राप्त कर पुनः सभी श्रद्वालु समता रंग मंच पहुँचे।

मंदिर में पं विकासदत्त दुबे के द्वारा कलश पुजन एवं मुर्ति की पुजा अर्चना की, जिसके बाद मंदिर से कलश शोभा यात्रा पुरे नगर में धुमधाम से निकाली गई। शाम 05 बजे कलश यात्रा दुर्गा मदिर पहुँची और कलश यात्रा सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के बाद जलाधिवास पुजन किया गया व जलाधिवास के बाद भगवान गणेश की पुजा अर्चना एवं आरती कर प्रथम दिन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 10 जनवरी शनिवार को सुबह अन्नाधिवास किया गया, जिसके बाद वेदी पुजन सम्पन्न हुआ, जिसके बाद विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। 11 जसवरी रविवार को सम्पुर्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं महाआरती व प्रसाद का वितरण होगा। यह मुर्ति सथापना पवन देवांगन, अश्वनी देवागन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, राजा देवांगन, हिन्द जागरण मंच एंव समस्त नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। नगर के समता रंग मंच के मंदिर में माँ दुर्गा के साथ भगवान गणेश और भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग सहित प्रथम तल में भगवान श्रीराम लक्ष्मण और माँ सीता एवं भगवान श्रीकृण और राधा की मुर्ति पहले से स्थापित है। प्रथम तल पर शेष मंदिर कक्ष में भगवान लक्ष्मी नारायण की मुर्ति एवं बाहर में गरूण देवता की मुर्ति की स्थापना की जा रही है। प्रथम तल पर भगवान लक्ष्मी नारायण के अवतार भगवान राम और कृष्ण की पूर्व से ही मुर्ति स्थापना है। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के अन्य अवतार, जिसमें भगवान जगन्नाथ, खाटुश्याम, तिरूपति बालाजी की प्रतिमाएँ भी सजाई गई है, जो कि आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

## पेज 11 के शेष

### राष्ट्रीय राजमार्ग 30...

कारण दो रात और डेढ़ दिन इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, इस पर कार्यवाही करने के लिए परिवहन विभाग भी सामने नहीं आया, जबकि जिम्मेदारों ने परिवहन विभाग को भी इस बारे में अवगत कराया था।

### भाजपा किसान मोर्चा...

देखने को मिला। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा आतिशबाजी कर दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ चारामा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई ।सभी ने पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर एवं फूल-मालाओं से दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि नया नेतृत्व किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएगा और शासन-प्रशासन तक उनकी आवाज को मजबूती से पहुंचाएगा। यह आयोजन न केवल संगठनात्मक विस्तार का प्रतीक रहा, बल्कि किसानों के साथ भाजपा किसान मोर्चा की मजबूत होती पकड़ को भी दर्शाता है। स्वागत कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच दीपक गावड़े, उप सरपंच आत्माराम सिंहा, लेम्पस अध्यक्ष बलराम ठाकुर, पूर्व सरपंच राधा देवी ठाकुर, रंजन नेताम, ललित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**प्रदेश के नेताओं का जताया आभार:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेमेंद्र बंटी ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर एवं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं का समाधान निकालना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिला महामंत्री खेम तिवारी ने भी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और हर किसान तक पहुंच बनाने का संकल्प दोहराया।

### सांसद व विधायक ने...

ने कहा कि स्व. दयाराम आंचला एक सरल, मिलनसार एवं सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है।

### सटीक मतदाता सूची...

देने में कितना महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं ने भी अभियान की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कांकेर महादेव वार्ड में चलाया गया यह मतदाता गहन परीक्षण अभियान आने वाले समय में अन्य वार्डों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। स्पष्ट है कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो, यही सशक्त, पारदर्शी और जीवंत लोकतंत्र की सच्ची पहचान है।

खबर संक्षेप

## शिशु मंदिर में महिलाओं का हुआ सम्मान



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम तुरपुरा सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मातृशक्ति के महत्व को उजागर करना उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और भारतीय संस्कृति व संस्कारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में ग्रामीण मातृ शक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे एवं नारी शक्तियों और परिवार व समाज में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। इस दौरान आचार्य रोहित प्रधान, मायाराम कश्यप,दिनेश सेठिया, देवेंद्र ठाकुर, तोमन ठाकुर नीरूजली कश्यप, रीना ठाकुर, नवीन ठाकुर, दुशिला ठाकुर,तारवी ठाकुर,उषा ठाकुर प्रमिला ठाकुर, जयंती ठाकुर, सुशीला ठाकुर,ललिता यादव, नैना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## डीईओ और जेडी से मिले टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने पेंशन, क्रमोन्नति और सेवा गणना से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी तथा संयुक्त संचालक (शिक्षा) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने नियुक्ति तिथि से पेंशन,समयमान वेतनमान/क्रमोन्नति का लाभ देने तथा शिक्षकों की डिजिटल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में टैब और लैपटॉप उपलब्ध कराकर उपस्थिति दर्ज कराने का सुझाव दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंचा,जहां शिक्षकों ने अपनी मांगों का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। संघ ने बताया कि निजी मोबाइल में वीएसके ऐप इंस्टॉल करने से शिक्षकों की गोपनीय जानकारी थर्ड पार्टी तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है। कई मामलों में साइबर फ्रॉड की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसे गंभीर मानते हुए संगठन ने विभागीय उपकरणों के माध्यम से ही अटेंडेंस सिस्टम लागू करने की मांग की। साथ ही सोना साहू प्रकरण के आधार पर सभी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान के लिए सामान्य आदेश जारी करने की मांग रखी गई। एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा गणना नियुक्ति तिथि से करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की भी जोरदार मांग की गई।
संगठन ने बताया कि संविलियन तिथि से सेवा गणना के कारण कई शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं,जो अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है। संघ ने उत्तर प्रदेश और झारखंड की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी समान पेंशन नियम लागू करने की मांग रखी, जिससे शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

# बॉल गेम, मेंढक, जलेबी और नींबू-चम्मच दौड़ में बच्चों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सीआरपीएफ कोबरा कॉम्प्लेक्स करणपुर स्थित मॉन्टेसरी स्कूल में 9 जनवरी को कोबरा कैम्पस में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना एवं उनमे शारीरिक दक्षता, अनुशासन टीम भावना तथा आत्मविश्वास का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि डॉ. सोमाली कस्वां का आत्मीय स्वागत किया। मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक रंगारंग मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। जो उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों को अत्यंत प्रभावित कर गया।

मार्च पास्ट के पश्चात बच्चों की उम्र एवं क्षमता के अनुरूप शैक्षिक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें दौड़, जलेबी दौड़, बॉल गेम, मेंढक दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ तथा संतुलन अभ्यास मुख्य रूप से शामिल थे। समस्त गतिविधियों को इस प्रकार तैयार किया गया था कि बच्चों में शारीरिक कौशल, समन्वय क्षमता, एकाग्रता एवं सहयोग की भावना का विकास हो तथा वे खेल-खेल में सीखने का सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर सके।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह, ऊर्जा एवं प्रेरणात्मक वातावरण बना रहा। नन्हें प्रतिभागियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से उत्कृष्ट ऊर्जा, समन्वय एवं खेल भावना का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. सोमाली कस्वां ने प्रारंभिक बाल्यावस्था में खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ होता है तथा उनमें सामाजिक कौशल, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह दोहराया गया कि बच्चों को आनन्दयम एवं सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिक प्रतिबद्धता है।

### मनरेगा के नाम को लेकर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म कर श्रमिकों से काम का अधिकार छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और उसमें संशोधन के खिलाफ शनिवार को राजीव भवन दंतेवाड़ा में प्रेस वार्ता की गई। पीसीसी द्वारा प्रेस वार्ता को सम्बोधित करने हेतु नियुक्त पीसीसी के संयुक्त महामंत्री उमाशंकर शुक्ला ने कहा मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है, मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है।

मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म

■ सरकार की नीयत पर उठाए सवाल

कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है। अब तक मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी।

नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केंद्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदले दिया है। मनरेगा गांधी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण था, लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशकों से, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर ज़रूरी साबित हुआ है। अब तक मनरेगा मजदूरों को काम देने का कानून था, श्रमिक अधिकार पूर्वक मांग करते थे, जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया। मनरेगा के तहत सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर साल तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोजगार बंद करने की इजाजत देता है, जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते हैं और कब उन्हें भूखा रहना होगा। एक बार फंड खत्म हो जाने पर या फसल के मौसम में मजदूरों को महीनों तक रोजगार से दूर रखा जा सकता है।

कांग्रेस की मांग है काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रुपये किया जाए। मनरेगा बचाओ संग्राम के दंतेवाड़ा जिला समन्वयक पूर्णचंद कोको पाढ़ी ने वार्ता में बताया मनरेगा केंद्रीय कानून था। 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाते थे। अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60- 40 का हो जाएगा, पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य जमा करेगी तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगा, राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी।गोदी सरकार अब राज्यों पर जी राम जी का लगभग 50,000 करोड़ का बोझ डालना चाहती है, उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। इसलिए ये बिल गरीब मजदूरों के खिलाफ है। 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रही है।

पिछले 11 सालो में मोदी सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 38 दिनों का है। मतलब 11 सालो में मोदी सरकार किसी भी साल 100 दिन काम नहीं दे पाई। मनरेगा काम करने का सही अधिकार था, उसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव मदद में बदला जा रहा है। जो पूरी तरह से केंद्र की मर्जी पर निर्भर है।

भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोल रही है। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव तूलिका कर्मा, जिला अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मृणाल राय, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पीसीसी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा,जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी मनीष ठाकुर अन्य मौजूद रहे।

### राज्य सरकारों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा

पीसीसी संयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने कहा मनरेगा में पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। आप पूरे साल काम की मांग कर सकते थे। आपको कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी। ग्राम पंचायत के जरिए अपने ही गांव के विकास के लिए काम मिलता था। आपके काम में मनरेगा मेट और रोजगार सहायकों की मदद मिलती थी। आपकी मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी। मोदी सरकार द्वारा अब मनरेगा को कैसे कमजोर किया और क्या क्या बदला गया। अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। काम केवल सरकार द्वारा चुने गए गांवों में ही मिलेगा। फसल कटाई के मौसम में आपको काम नहीं मिलेगा। आपकी मजदूरी सरकार अपनी मर्जी से तय करेगी। अब आप कहां और क्या काम करेंगे, यह सरकार तय करेगी अब आपको किसी मेट या रोजगार सहायक की मदद नहीं मिलेगी। अब राज्य सरकारों को आपकी मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा। खर्च बचाने के लिए हो सकता है राज्य मजदूरों को काम ही न दें।

## मतदाताओं को जागरूक करने भांसी पहुंचे असरानी




**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनर्निरीक्षण एवं नव मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज आईटीआई भांसी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में उनकी भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने अभियान की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि विशेष गहन पुनर्निरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने

विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि देश के भविष्य निर्माण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नव मतदाताओं से अपील की कि वे अपना नाम समय पर मतदाता सूची में जुड़वाएं और अपने मित्रों व परिवारजनों को भी इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान भूपेंद्र निर्मलकर,सौरभ राठौर, अर्नब चक्रवर्ती,गौरव भवानी, शैलेन्द्र सिंह, करण सोनी, नितेश अधिकारी, राहुल सोनवानी, रंजीत नाग, समशेर, विकास,चंदन समेत बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी, युवा साथी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । सभी ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदाता बनने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# रखे गए हिरण शव पर वन्य प्राणी की गतिविधि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के ग्राम पंचायत लामकेर अंतर्गत सालेमेटा-2, जुनागुड़ा पारा में 8 जनवरी की देर रात जंगली जानवर द्वारा शिकार होने से एक हिरण मृत हो गया। वन

■ गतिविधियों को देखने शव के आसपास लगाए ट्रैप कैमरा

विभाग ने स्थल में पहुंचकर मृत हिरण के शव को वन कक्ष 513 पी में रखा गया कि उसे खाने के लिए फिर से दुबारा जंगली जानवर आएगा। इसके लिए पास ही ट्रैप कैमरा लगा हुआ है, 10 जनवरी तक जांच करने पर किसी भी प्रकार की वन्य प्राणी की गतिविधि प्राप्त नहीं हुई, हिरण का शव पूर्व स्थिति जैसी ही बना हुआ है। वन विभाग भानपुरी के एसडीओ इंद्रप्रसाद बंजारे ने बताया कि इस पर निगरानी की जा रही, जहां वन कर्मियों का तैनात किया गया है।

## बस्तर मंड़ई 29 को, 84 परगना के देवी देवता होंगे शामिल



**बस्तर।** बस्तर जिले में मड़ई मेला की परंपरा सदियों से चली आ रही है। नगर पंचायत बस्तर में ऐतिहासिक दो दिवसीय वार्षिक मड़ई 29 जनवरी गुरुवार से शुरू होगी। इसमें आसपास गांव के 84 परगना के देवी देवता और ग्रामीण शामिल होंगे। सदियों से चली आ रही परंपरा का पालन आज भी किया जा रहा है। नगर के पुजारीपारा स्थित मां गंगादेई मंदिर से माता की छत्र- डोली, लाट एवं देवी देवता गाजा बाजा के साथ मेला स्थल में लाया जाएगा। जिसमें राज परिवार सहित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बस्तर के ऐतिहासिक मांघ मेला को लेकर नगर पंचायत बस्तर के गंगादेई माता मंदिर परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मेला प्रभारी देवकी भद्रे सहित पार्षदो व वरिष्ठ नागरिकों नगरवासियों की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 29 जनवरी को मेला आयोजन को लेकर ग्राम पुजारी विशेश्वर यादव ने सहमति माता से मांगी जिसकी जानकारी उपस्थित नगर वासियों को दी गई। मेला को सफल आयोजन को लेकर मेला समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नगर पंचायत अध्यक्ष को मेला प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर गांव की वरिष्ठ नागरिक लखेश्वर कश्यप, ठिरली राम यादव, राजू ठाकुर, उदबोराम नाग, महेश मौर्य, रवि शंकर शुक्ला, अंकित पारख, समीर मिश्रा, वीरसिंह, नरसिँह नागेश, जीतेन्द्र पटेल, सीताराम बघेल, बंशी कश्यप, मंगलराम, कोटवार जानकी राम बघेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं ग्राम भोंड के ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर बनाये गये हैं। शुक्रवार को वे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय से भेंट की। जहां से वरिष्ठों व कार्यकर्ताओं के साथ मांई दंतेश्वरी मंदिर में देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को सशक्त बनाने व सौंपे गए दायित्व का निर्वहन समर्पण व निष्ठा से करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रन्धारी, माहेश्वरी ठाकुर, रोहित त्रिवेदी, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, दिगंबर राव, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, अभय दीक्षित, मुरलीधर सेठिया, संतोष पांडे, अजय बैरागी, योगेश मिश्रा, विक्रम सिंह यादव, खगेंद्र ठाकुर, सूरज श्रीवास्तव, संजू ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा, आनंद झा, कृष्ण ठाकुर, उमेश यादव, प्रभात चौहान, गजेंद्र पगाडे, प्रफुल्ल ठाकुर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया वन भोजनोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



ठाकुर अनुकूल चंद्र के आदर्शों और वाणियों को आत्मसात करते हुए सत्संग मंदिर बंगाली कैंप के भक्तों द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 जनवरी को वन भोजनोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन दंतेवाड़ा जिले के कुम्हाररास जलाशय के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भक्ति पूर्ण वातावरण में ठाकुर अनुकूल चंद्र की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर विश्व कल्याण, शांति और सद्भाव की कामना की। पूजा उपरांत सत्संग मंदिर के अध्यक्ष स्वपन कुमार साहा ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उनके जीवन दर्शन, आदर्शों और वाणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि ठाकुर जी का संदेश मानव जीवन को सत्य, प्रेम, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करता है तथा समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना करता है।

वन भोजनोत्सव के दौरान भक्तों के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग और सौहार्द का भाव देखने को मिला। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान की और दैनिक जीवन की भागदौड़ से दूर कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बिताने का अवसर दिया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा भाव से जुड़े स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली।

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, स्वच्छता और धार्मिक मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा गया। यह वन भोजनोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का माध्यम भी बना। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लाइब्रेरी ज्ञान की ज्योति बनकर सही दिशा प्रदान करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

श्रमिकों एवं उद्योगों हितार्थ के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, जरूरतमंदों को सहयोग आदि जनकल्याणकारी क्षेत्रों में भी यूनियन के अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप और सचिव एके सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य करने वाले बैलाडीला के प्रमुख श्रम संगठन मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।

यह लाइब्रेरी केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, विचार, चेतना और जागरूकता का एक सशक्त मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य नगर में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना, बच्चों व युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना है। आज के डिजिटल युग में जहां पढ़ने की संस्कृति धीरे-धीरे कम होती जा रही है, यह लाइब्रेरी ज्ञान की ज्योति बनकर समाज को सही दिशा प्रदान करेगी। यहां अध्ययन के माध्यम से बच्चे अपने सपनों को आकार देंगे, युवा अपने भविष्य को सशक्त बनाएंगे और समाज ज्ञान से समृद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### जेपरा स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

चारामा। जेपरा हिंदी माध्यम स्कूल के छात्रों ने चारामा नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खुदरा मार्केटिंग कि बारीकियों, बाजार के संचालन तथा उपभोक्ता व्यवहार की समझ से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षक बलराम टंडन ने छात्रों को खुदरा व्यापार, विपणन रणनीतियों, मूल्य निर्धारण तथा ग्राहकों की जरूरतों को समझने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक आज होगी

जगदलपुर। सर्व आदिवासी समाज का संभाग स्तरीय बैठक 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह बैठक कोया कुटमा भवन, परपा जगदलपुर में संपन्न होगी।

## निधन

### सोनी बाई नरेटी



दुर्गुकोंदल। दुर्गुकोंदल के ग्राम सटेली निवासी सोनी बाई नरेटी का आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सटेली में किया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

### सियासत : मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है

# मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म करने से श्रमिकों का छिन रहा अधिकार : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा सरकार ने मनरेगा कानून को 2047 को लक्ष्य करते हुए मनरेगा कानून के स्थान पर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी जी राम जी बिल को लेकर आई है। इसके बाद से कांग्रेस लगातार नए बिल को लेकर लगातार विरोध कर रही है, उसी के तहत बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने राजीव भवन कांकेर में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मका को खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीन रही है।

बालोद विधायक ने मीडिया के सामने कहा कि मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गाँधी के आदर्शो पर कुठाराघात है और मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है। नए बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी। मोदी सरकार अब राज्यों पर जीरामजी का लगभग 50 हजार करोड़ का बोझ डालना चाहती है, उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रहा है। पिछले 11 सालों में मोदी सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 36 दिनों का है, मतलब 11 सालों में मोदी सरकार किसी भी साल 100 दिन काम नहीं दे पाई। मनरेगा काम करने का सही अधिकार था, उसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव मदद में बदला जा रहा है, जो पूरी तरह से केंद्र की मर्जी पर निर्भर है।




### नरेगा से मनरेगा पर नहीं दे पाई जवाब

बालोद विधायक से मीडिया ने जानना चाहा कि नरेगा से मनरेगा नाम बदलने की क्या जरूरत पड़ गई। इस पर उनका उत्तर सही सटीक के बजाय घुमवादार ही मिला। उनको यह तक नही पता था कि इस योजना का रूप किसने दिया था, प्रारंभ में इसका क्या रूप था, उसके बाद भी प्रेस विज्ञप्ति में गलत जानकारी देकर मीडिया को ही गुमराह करने का प्रयास किया। उनके द्वारा जारी विज्ञप्ति में लिखा है कि मनरेगा में पहले यह था कि आपकी मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, जबकि ऐसा नहीं था। मनरेगा में केंद्र सरकार मजदूरी का केवल 75 प्रतिशत और राज्य सरकार 25 प्रतिशत भुगतान करती थी।

### मनरेगा बचाओ संग्राम कल से 25 फरवरी तक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास, 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर संपर्क, 30 जनवरी को वार्ड स्तरीय शांतिपूर्ण धरना,31 से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना, 7 फरवरी से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव, 16 फरवरी से 25 फरवरी तक आंचलिक अखिल भारतीय स्तरीय मनरेगा बचाओ रैली का आयोजन होना है।

### राजीव भवन में यह रहे उपस्थित

राजीव भवन में जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ समन्वयक विकास चोपड़ा, जिला अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, जितेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज जैन, सरजू शोरी, ठाकुरराम कश्यप, पुरुषोत्तम पाटिल, लोमेन्द्र यादव, हिरवेंद्र साहू, मिथिलेश शोरी, गोमती सलाम, भारती सलाम, भोम सिंह नाग, रोहिदास शोरी, इशाक अहमद, कृष्णा नायक,विष्णु नेताम, शिवांकित श्रीवास्तव,देवाल नेताम,राजू दुबे, खोमेंद्र उईके,सुमित नायक, कमल ध्रुवा,चंद्रलोक ठाकुर,अमित साहू आदि उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर सामूहिक ओंकार मंत्र जाप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक आक्रमण की सहस्त्राब्दी स्मृति में 10 जनवरी शनिवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत भानुप्रतापपुर मंडल में सामूहिक ओंकार मंत्र जाप एवं जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार जनवरी में पावन सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण हुआ था, जिसके पश्चात हुए अनेक आक्रमण भी भारत की शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। बल्कि इन घटनाओं ने भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक एकता को और अधिक सुदृढ़ किया। सोमनाथ मंदिर का बार-बार पुनर्निर्माण भारतीय चेतना, आस्था और आत्मबल का अमिट प्रतीक रहा है। इसी ऐतिहासिक स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रातः 10:30 बजे मंडल मुख्यालय स्थित शिव गायत्री मंदिर में सामूहिक ओंकार मंत्र जाप किया गया और साथ ही मंडल क्षेत्र के समस्त मतदान केंद्रों में स्थित शिव मंदिरों में जलाभिषेक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे के साथ जिला महामंत्री राजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, हेमप्रकाश शिवहरे सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दिव्यांग छात्रों का जंगल सफारी व पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षणिक भ्रमण बना यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय कांकेर के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष भ्रमण के अंतर्गत बच्चों को जंगल सफारी रायपुर, पुरखौती मुक्तांगन सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। बच्चे पूरे कार्यक्रम के दौरान अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

भ्रमण के दौरान बच्चों के लिए मनोरंजन, सुरक्षित परिवहन, स्वादिष्ट भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नौकायन जैसी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पहली बार इस प्रकार के अनुभव पाकर दिव्यांग विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह साफ झलक रहा था। बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवों को नजदीक से देखा और पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला एवं परंपरा से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं, जो उनके लिए ज्ञानवर्धक भी रही।

बच्चों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से कलेक्टर सर को धन्यवाद ज्ञापित किया, जो इस कार्यक्रम का भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा। विद्यार्थियों की खुशी और संतोष ने इस आयोजन की सार्थकता को और अधिक बढ़ा दिया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बच्चों को सुविधा के साथ भ्रमण स्थल तक ले जाया गया तथा सुरक्षित रूप से वापस लाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया। उपसंचालक समाज कल्याण कांकेर क्षमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला भ्रमण के दौरान बच्चों द्वारा कलेक्टर से पिकनिक एवं जंगल सफारी के लिए आग्रह किया गया था। बच्चों के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिसके फलस्वरूप यह आयोजन संभव हो सका।

## बिजली कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर संघ ने सौंपा ज्ञापन, वार्ता की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने बस्तर अंचल में कार्यरत बिजली कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए द्विपक्षीय वार्ता की मांग किया है।

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि बस्तर और सरगुजा जैसे दुर्गम, नक्सल प्रभावित और बुनियादी सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में कर्मचारी विषम परिस्थितियों के बावजूद निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे हैं और कंपनी के राजस्व में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं।

इसके बावजूद नीतिगत अड़चनों के कारण उनकी प्रमुख मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। संघ ने 8 प्रमुख मांगों को सामने रखा है। इसमें पदोन्नति और स्थानांतरण में क्षेत्रवार वरिष्ठता को संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के विरुद्ध बताते हुए जून 2023 के आदेश को निरस्त कर पूरे प्रदेश में केंद्रीकृत वरिष्ठता सूची लागू करने की मांग की गई है। इसके अलावा बस्तर और सरगुजा में लंबे समय से रुकी डेटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने, कार्यालयीन कर्मचारियों को 3 प्रतिशत विशेष कंप्यूटर प्रोत्साहन भत्ता देने तथा पुरानी पेंशन योजना को अविलंब लागू करने की मांग प्रमुख है, संघ ने उपसंभाग स्तर पर अनुभाग अधिकारी के नए पद सृजित करने, मुख्यालय स्तर के पदों में बस्तर-सरगुजा के कर्मचारियों को समान अवसर देने, अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण करने तथा 1 जनवरी से प्रस्तावित आठवें वेतनमान के लिए तत्काल वेज कमेटी गठन की भी मांग की है। महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि यह संघर्ष याचना का नहीं बल्कि अधिकार का है, कर्मचारियों की मांगें उनके श्रम, पसीने और आत्मसम्मान से जुड़ी हैं।

## कोयलाभट्टा-आंधेवाड़ा सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, ठेकेदार पर कार्रवाई हो : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विधायक ने शनिवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कोयलाभट्टा से आंधेवाड़ा तक निर्मित प्रधानमंत्री सड़क मार्ग की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए। उनकी नजर हाल ही में बने सड़क मार्ग पर पड़ी और तत्काल अपना काफिला रुकवाकर कार्यकर्ताओं के साथ सड़क की गुणवत्ता कि जांच किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने पाया कि कोयलाभट्टा से आंधेवाड़ा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क का कार्य तय मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया है। इसे ठेकेदार की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से गंभीर समझौता किया गया है। सड़क कि सतह, डामरीकरण की मोटाई और मजबूती में स्पष्ट खामियां नजर आईं। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि सड़क में डामर बिछाने का कार्य रात के अंधेरे में किया गया, ताकि निर्माण में की गई गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार को छिपाया जा सके। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि मानकों की अनदेखी कर जल्दबाजी में कार्य पूरा किया गया है, जिससे सड़क की उम्र कम होगी और बरसात में इसके क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। विधायक ने कहा कि वे इस पूरे मामले में सड़क निर्माण की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग करेंगी और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में चारों ओर यही स्थिति देखने को मिल रही है, कि विकास कार्य या तो हो नहीं रहे हैं और जहां कहीं निर्माण हो भी रहा है, वहां भ्रष्टाचार उसकी गुणवत्ता को निगल रहा है। इसका सीधा नुकसान आम जनता और ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष शोपसिंह आंचला, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, सियाराम दर्रो, सुखचंद प्रजापति, रिलिंगसाय तुलावी, गन्नू सिन्हा, छेरकू तुलावी, मंगतेश उसेंडी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

## कोलांग महोत्सव में विधायक सावित्री ने बूढ़ादेव की पूजा कर मांगी समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कराकी में आयोजित पारंपरिक कोलांग महोत्सव में भानुप्रतापपुर विधानसभा विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम बुढ़ादेव की विधिवत सेवा-अर्जी कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने महोत्सव को संबोधित करते हुए कोलांग नृत्य के सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कोलांग नृत्य बस्तर अंचल की प्राचीन और समृद्ध परंपराओं में से एक है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, आस्था और सामूहिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज यह पारंपरिक नृत्य धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रहा है, जिसे सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी लोकसंस्कृति, नृत्य और परंपराओं को अपनाएं और उन्हें जीवित रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कोलांग महोत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य, वाद्ययंत्रों की गूंज और लोकसंस्कृति की झलक ने पूरे ग्राम कराकी को उत्सवमय वातावरण में बदल दिया। ग्रामीणों ने विधायक की उपस्थिति को सांस्कृतिक संरक्षण के लिए प्रेरणादायक बताते हुए आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर गोंडी धर्माचार्य शेरसिंह आंचला, सरपंच जवाहर ठाकुर, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, सदस्य निर्मला कोवाची, धनीराम ध्रुव, हुमन मरकाम, सरपंच बसंती भालेश्वर, निर्भय कोवाची, लल्लूराम पुड़ो, हीरालाल कोमरा, भावसिंह मंडावी, नारायण पुड़ो, नारायण कोवाची, राजूराम पुड़ो, रामलाल जैन, रजनाथ उइके, सियाराम उइके, सियाराम दर्रो, सुखचंद प्रजापति, दीनदयाल पटेल, दुर्जन उइके, सगनू वड्डे, दानसिंग नेताम सहित क्षेत्रवासी एवं युवा-युवतियां उपस्थित रहे।

## मंडी प्रांगण में और शौचालय की मांग, एक से होती है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




नगर के मंडी प्रांगण में शौचालय कि कमी से बाजार में व्यापारियो, ग्राहको सहित महिलाओ को सर्वाधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालाकि मंडी प्रांगण के एक तरफ शासन की ओर से सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गई है, लेकिन मंडी का एक छोर से दुसरे छोर के बीच की दुरी लगभग 200 से अधिक मीटर है। गुरूवार जो कि साप्ताहिक बाजार का दिन है, के दिन व्यापारियो और ग्राहको की अधिक भीड़ के चलते 200 मीटर की दुरी भी कई किलोमीटर जैसी लगती है और एक शौचालय पर ही हजारो की भीड़ का निपटान करने में दिक्कत होती है। प्रतिदिन सब्जी मंडी के दुसरे छोर पर सब्जी बोली की दुकानों में कई सैकड़ो सब्जी व्यापारियो, चिल्लहर व्यापारियों एवं आम गाटको की भीड़ होती है। ऐसे में उस स्थान पर शोचालय की व्यवस्था नही होने से व्यापारियों और खासकर महिला व्यापारियों को शौच के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सब्जी व्यापारियों द्वारा महिलाओ की समस्याओ को देखते हुए बोली दुकान की तरफ शोचालय निर्माण के लिए कई बार मंडी अधिकारियो से निवेदन किया गया है। बजट आभाव के चलते शोचालय का निर्माण बोली दुकान की तरह नही हो पाया है। यह परेशानी सिर्फ मंडी के व्यापारियो या ग्राहको कि नही होती है।

गुरूवार साप्ताहिक बाजार में तो एक किलोमीटर के दायरे में चारों ओर दुकाने लगती है, लेकिन शौचालय की व्यवस्था नही होने से बहुत दिक्कत व्यापारियों और महिलाओ को आती है। इस संबंध में मंडी सचिव सौरन शर्मा ने बताया कि मंडी व्यापारियो की सुविधा के लिए मंडी प्रांगण में एक शौचालय बनाया गया है, दुसरे शौचालय के लिए बजट का आभाव है। नगर पंचायत सीएमओ द्वैमन्त नेताम ने बताया कि नगर के व्यापारियों के लिए शौचालय की आवश्यवता तो है, लेकिन शौचालय बन नहीं पा रहा है। मंडी विभाग से चर्चा की जाएगी, अगर मंडी जगह दे दे तो नगर पंचायत से शौचालय निर्माण की प्रकिया कि जा सकती है, जिसके लिए मंडी विभाग से चर्चा किया जाएगा।

## गोडसे को राष्ट्रवादी बोलने से नाराज युकां ने फूंका मंत्री वर्मा का पुतला



चारामा। जिला युवा कांग्रेस के द्वारा प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार कार्यकारी युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा के हत्यारे नाथूराम गोडसे को राष्ट्रवादी बोलकर संबोधन करने को लेकर प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस ने पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेन्द्र नायक ने कहा कि इस देश के रत्न देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने वाले महापुरुष जो भारत देश में ही नहीं पूरे विश्व में भारत देश धरोहर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे गोडसे को राष्ट्रवादी बोलना ये देश का अपमान है, अगर गोडसे राष्ट्रवादी होता तो राष्ट्रपिता का हत्या नहीं करता इस देश का पहला आतंकवादी नाथूराम गोडसे है, अगर इतना ही भाजपा ओर आरएसएस लोगो को गोडसे से प्यार है, तो उनका जिंदाबाद करना चाहिए, प्रदेश के मंत्री को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और बीजेपी को ऐसे मंत्री को तुरंत हटना चाहिए। युवा कांग्रेस नेता सुधांशु पांडेय, समीर बंछोर, संतोष शिंदे ,रानू कमलेश सेन, सुरेंद्र साधवानी, तेजेंद्र साहू विकास मंडावी, कैलाश काटोलिया, लिकेश घृतलहरे, यश साहू, सूरज कुरेटी, संजय नागराज, छोटू चौहान, राम पांडे, आर्या मंडावी, डीकेश सिन्हा, ऋषि सिन्हा, साहिल रामटेके, चीकू कोर्राम, हरीश पोया, गोलू कोमरा, भूपेंद्र भूआर्य, योगेश देवांगन, योगेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 20,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
17 फरवरी, 14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411